**बिहार सरकार**

**ग्रामीण विकास विभाग**

**अधिसूचना**

अधि०सं० :- 6/03485 /ग्रा०वि० पटना, दिनांक :- 18/08/2026

ग्रा०वि०-R-504/05/2026-Section-14-RDD-RDD(COM No-559111)

श्री राकेश कुमार, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर प्रखंड, जिला- गया सम्प्रति-निलंबित को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के गठित धावा दल द्वारा दिनांक-09.02.2026 को परिवादीनी श्रीमती सुचिता रंजनी, पति- श्री चन्द्रभूषण कुमार, सा०-गन्नु विगहा, पंचायत-रसलपुर, थाना-चाकन्द, जिला-गया वर्तमान प्रखंड प्रमुख, नगर प्रखंड, गया से 50,000/- (पचास हजार) रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया । रिश्वत लेने के आरोप में उनके विरूद्ध निगरानी थाना कांड संख्या 016/2026 दिनांक- 09.02.2026 दर्ज होने की सूचना जिला पदाधिकारी, गया के ज्ञापांक-39 दिनांक-13.02.2026 द्वारा दी गयी ।

2. श्री राकेश कुमार को रिश्वत लेने के आरोप में विभागीय अधिसूचना संख्या-5224813 दिनांक-19.02.2026 द्वारा कारा निरोध की तिथि 09.02.2026 से अगले आदेश तक के लिए निलम्बित किया गया।

3. श्री राकेश कुमार द्वारा दिनांक-10.07.2026 को कारा से मुक्त होने के उपरान्त दिनांक-14.07.2026 को विभाग में अपना योगदान समर्पित किया गया हैं ।

4. अतः बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9(3)(i) के आलोक में श्री राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बन मुक्त किया जाता है ।

5. उक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

18/08/2026

**(नलिन प्रताप राणा)**

विशेष कार्य पदाधिकारी ।

ज्ञापांक :- 6/03485 /ग्रा०वि० पटना, दिनांक :- 18/08/2026

**कार्या०परि० बही**

प्रतिलिपिः- प्रभारी पदाधिकारी, ई-गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना (दो प्रतियों में सी.डी. सहित) को बिहार गजट के अगले अंक में प्रकाशनार्थ / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषाग) विभाग; बिहार, पटना / पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/08/2026

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक :- 6/03485 /ग्रा०वि० पटना, दिनांक :- 18/08/2026

**स्पीड पोस्ट/ ईमेल/ कार्या०परि० बही**

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, गया/ पुलिस अधीक्षक, गया/ उप विकास आयुक्त, गया/आप्त सचिव, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना/ कोषागार पदाधिकारी, गया/प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा-03, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना/ आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को (विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु)/श्री राकेश कुमार, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर प्रखंड, जिला- गया सम्प्रति-निलंबित पताः- पिता-स्व० भोजला प्रसाद चौधरी, द्वारा श्री महेन्द्र प्रसाद मंडल, (शिक्षक), मिरजान हाट, जिला-भागलपुर, पिनकोड-8122005 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/08/2026

विशेष कार्य पदाधिकारी।